Denik Meerut Darpan 13 november 2020_Denik Meerut Darpan 13 november 2020.qxd 11/13/2020 4:43 PM Page 1


दैनिक

# मेरठ दर्पण

RNI. NO. UPHIN/2016/69845

वर्षः 05 अंक 117 मेरठ, शुक्रवार 13 नवंबर, 2020, पृष्ठ 4 मूल्य एक रूपया

यदि आप कोई खबर या फोटो हमें भेजना चाहते है तो ई-मेल या व्हाट्सप ऐप पर भेज सकते है।

आईना सच का...

mrtdarpan@gmail.com

WWW.MEERUTDARPAN.com YouTube/meerut darpan news Whatsapp:- 9897419837


## अयोध्या में जीवंत हुआ त्रेता युग, गर्वनर व सीएमने की श्रीराम व सीता स्वरूप की आरती

**अयोध्या, एजेंसी।** पावन व सलिल सरयू नदी के तट पर शुक्रवार को त्रेता युग जीवंत हो उठा। यहां हेलिकॉप्टर से राम की पैड़ी के रामकथा पार्क में भगवान श्रीराम, सीताजी तथा लक्ष्मण के स्वरूप के उतरने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ तथा उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने स्वागत किया। रथ पर सवार होकर रामकथा पार्क पहुंचे श्रीराम, माता सीता तथा लक्ष्मण जी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उत्तर प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आरती की। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सीएम योगी आदित्यनाथ ने हेलिकॉप्टर से



सरयू तट पर उतरे भगवान राम, सीता जी व लक्ष्मण के स्वरूप के आगमन पर उनकी अगवानी करने के साथ ही हर्ष व्यक्त किया। इससे पहले राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में रामजन्मभूमि स्थल पर श्रीरामलला की पूजा की। यहां पर करीब पांच सौ वर्ष बाद दीपक जला और धनतेरस के पर्व पर दीपावली की पूजा की गई। दिव्य दीपोत्सव की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला के सम्मुख घी का दीपक जलाकर किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ ने इससे पहले रामकथा पार्क में श्रीराम से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इनके साथ मंत्रिमंडल के सहयोगी तथा शासन के शीर्ष अधिकारी गण भी थे। रामनगरी अयोध्या शुक्रवार को दुल्हन की तरह सजी है। दीपोत्सव को लेकर लोगों की उमंग चरम पर है, इसी बीच राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने यहां का ताप काफी बढ़ा दिया है। रामजन्मभूमि परिसर में सीएम योगी आदित्यनाथ करीब पांच सौ वर्ष बाद दीप जलाकर रामलला की पूजा की। रामजन्मभूमि परिसर में प्रदर्शनी का अवलोकन करने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने किया। चंपतराय ने इस अवसर पर राज्यपाल तो राजा अयोध्या बिमलेंद्र मोहन मिश्र ने सीएम योगी आदित्यनाथ अंगवस्त्र भेंट किया। यहां पर आज होने वाले भव्य दीपोत्सव का आकार बीते तीन से काफी वृहद और मनभावन होने के साथ बड़ा एतिहासिक भी होगा। शुक्रवार को साकेत महाविद्यालय से भव्य झांकियां निकलने के साथ चौथे दीपोत्सव का मनोहारी आगाज हुआ। रामकथा पर केंद्रित झांकियां- झांकियां श्री राम के जन्म से लेकर उनके राज्याभिषेक की कहानी बयां कर रही थी। रथ की शक्ल में ऐसी 11 झांकियों के बीच देश के विभिन्न प्रांतों से आए चुनिंदा लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भी समा बांध रहे थे।

## योगी आदित्यनाथ का पीएसी के कर्मियों को प्रोन्नति का तोहफा, 5042 बने हेड कॉन्स्टेबल

**लखनऊ, एजेंसी।** पंच पर्व पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सरकारी कर्मियों पर तोहफों की बौछार कर रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जहां जूनियर इंजीनियर्स को नियुक्ति तथा स्थापना पत्र प्रदान किया था, वहीं शुक्रवार को पीएसी कर्मियों को प्रोन्नति पत्र प्रदान कर उनके त्यौहार को और खुशहाल कर दिया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर पीएसी में कॉन्स्टेबल पद से प्रोन्नत 5042 जवानों को प्रोन्नति का पत्र प्रदान किया। इस दौरान उनके निवास पर कुछ ही जवान मौजूद थे, शेष को जिलों में पीएसी की वाहिनी में मौजूद कमांडेंट ने पत्र प्रदान किया। पीएसी में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर प्रोन्नत 5042 कॉन्स्टेबलों की प्रोन्नति आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएसी को एक बेहद सशक्त बल भी बताया। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग मेहनत करें हम आपको सम्मान, शक्ति तथा सभी संसाधन उपलब्ध कराते रहेंगे। देश के सबसे बड़े राज्य की कानून-व्यवस्था को कंट्रोल में रखना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है, लेकिन आप लोग इसको बखूबी अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने सभी प्रोन्नत जवानों को दीपावली की भी शुभकामना दी।

## औचक निरीक्षण में खामियां देख नगर आयुक्त ने सफाईकर्मी की सेवा की समाप्त

**मेरठ, एजेंसी।** मेरठ में बढ़ते प्रदूषण के बीच अफसर कोई भी कोताही नहीं बरतना चाहते हैं। वायु प्रदूषण और दिवाली पर साफ सफाई की हकीकत देखने को नगर आयुक्त मनीष बंसल शुक्रवार सुबह औचक निरीक्षण पर निकल गए। इस दौरान कई कर्मचारियों पर निलंबन, वेतन कटौती से लेकर सेवा समाप्ति तक की कार्रवाई हुई। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई में कमियां पाई गई कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। शेरगढ़ी वार्ड चार के सफाई नायक को निलंबित कर दिया गया। वार्ड 26 शास्त्रीनगर के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक और सफाई नायक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। छह सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा गया है। एक आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी की सेवा समाप्त कर दी गई है। सहायक नगर



आयुक्त ब्रजपाल सिंह भी निरीक्षण में शामिल रहे। उधर, सड़क किनारे ही कूड़ा जलता हुआ पाया गया। कूड़ा जलाते हुए दो लोग देख लिए गए। इन दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से शहर में बन रहा आदर्श गौ आश्रय स्थल

**बुलन्दशहर।** अभी तक जिले में आपने बदहाल गौ आश्रय स्थल देखे हैं लेकिन अब जिले में आदर्श गौ आश्रय स्थल बन रहा है। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस गौ आश्रय स्थल में पशु चिकित्सक के लिए कक्ष से लेकर बायो गैस प्लांट तक की व्यवस्था होगी। सौ से अधिक गौवंश यहां रखे जा सकेंगे। बता दें कि नगर क्षेत्र में आदर्श गौ आश्रय स्थल बनाने के लिए कोरोना काल शुरू होने से पहले शासन से बजट अलाट हुआ था, पिछले तीन माह से आदर्श गौ आश्रय स्थल का निर्माण कार्य चल रहा है। अगले तीन माह में गौ आश्रय स्थल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे गौ आश्रय स्थल में गोवंशों के इलाज करने वाले चिकित्सक के लिए एक क्लीनिक कक्ष बनेगा। भूसे का एक बड़ा गोदाम बनेगा। निर्धारित मानक के अनुरूप गोवंशों को रखने के लिए एक शैड बनेगा। इसके साथ ही शौचालय, स्नानघर और गोवंशों को नहलाने के लिए अलग पक्का स्थल बनेगा। इतना ही नहीं दूध को रखने के लिए फ्रिजर की भी व्यवस्था होगा। गोवंशों के गोबर का सदुपयोग करने के लिए बायो गैस प्लांट बनेगा। बायो गैस प्लांट में प्रयोग होने वाले गोबर से खाद बनाकर बेचा जाएगा। आने वाले समय में जितने भी गौ आश्रय स्थल बनेंगे वह इसी आदर्श गौ आश्रय स्थल की तर्ज पर बनेंगे।




पालिका ईओ मनोज रस्तौगी ने बताया कि गौ आश्रय स्थल का निर्माण चल रहा है। 50 फीसद काम पूरा हो चुका है। ये जिले की पहला व्यवस्थित गौ आश्रय स्थल होगा।

**जिले में 156 गौ आश्रय स्थल**

सडक़ों पर घूमने वाले बेसहारा गोवंशों के लिए शासन के निर्देश पर जिले में शहर से देहात तक गौ आश्रय स्थल बनाए गए। वर्तमान समय में जिले में 156 गौ आश्रय स्थल संचालित हैं। इनमें 11 हजार से अधिक गोवंश हैं।

**-इन्होंने कहा**

नगर पालिका चेयरमैन मनोज गर्ग ने बताया कि पालिका का प्रयास है कि निर्धारित मानक के अनुरूप गौ आश्रय स्थल का निर्माण होए इसके लिए समय-समय पर निरीक्षण भी करते हैं। ये गौ आश्रय स्थल पूरी तरह व्यवस्थित होगा। इसमें गाय व गोवंशों को दिक्कत नहीं होगी।

# सभी देशवासियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं





अनिल चौधरी
भाजपा नेता मेरठ

VAS SPORTS RIFLE CLUB
AIR RIFLE & AIR PISTOL SHOOTING TRAINING
VIVEK ATRAY SHARMA
Sai Certified Shooting Coach
Ex. Coach:- Army Boys Sports Coy
(Shooting Coach Sports Authority of India)
Mob. 9319009991
Ph. + 121-645009
vsatya40009@gmail.com/ www.tenexe.com
B-1 Sangam Tower, Rohta Road Meerut - 250001 Ph. +121-2682255

SAMPOORNA SHOPPING STORE
A Store For Every Need
सबसे सस्ता सबसे अच्छा
website : www.sampoornastore.com
e-mail : sampoornashoppingstore@gmail.com
LEHANGA, SAREES, LANCHA
SUITS, KURTIES, DRESSES, KIDS WEAR
RSV HOUSE, AMBEDKAR ROAD, OPP. MODEL TOWN
KANKER KHERA, MEERUT (UP) 250001 | Ph.: 0121-2557870

Manmohan - 8430237507
आकाश ग्राफिक
फ्लैक्स प्रिन्टिंग
Email : manmohan.parnav@gmail.com
शिव चौक, शिवलोक, कंकरखेड़ा, मेरठ
AKASH DEEP 8430256200 9358499831
फैन्सी न्यू डिजाईनों में
शादी कार्ड
की एक से बढ़कर एक वैरायटी थोक व फुटकर रेट पर मिलते है
लेटर ही लेटर
लेजर कटिंग, एकरेलिक लेटर
नम्बर प्लेट, घर की नेम प्लेट, बिलबुक
पम्पलेट, विजिटिंग कार्ड, लेटर हैड
Email : akashkkgraphic@gmail.com
सरधना रोड़, कंकरखेड़ा, सिटी सुपर मार्केट, मेरठ

SINCE - 1990
MOB: 7417448474, 9719031727
दुर्गा स्वीट्स एण्ड कैटर्स
हमारे यहाँ शादी पार्टी व अन्य शुभ अवसरो पर ऑर्डर बुक किये जाते है
सुबह का नाश्ता
स्नैक्स चाट नमकीन मिठाईयाँ
कैनरा बैंक के सामने, सरधना रोड, कंकर खेड़ा, मेरठ



राजेश खन्ना
पार्षद नगर निगम मेरठ

मालिक, मुद्रक प्रकाशक अंकित गुप्ता ने न्यू गोस्वामी प्रिन्टिग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक:- अंकित गुप्ता
मो. 9897419837
RNI. NO. UPHIN/2016/69845
mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।

डा० विजय शर्मा
डायरेक्टर
9358119921
卐 ॐ नमः शिवाय 卐
गौरव चौहान
मैनेजर
9759171100
रघु नर्सिंग होम
PRO (विनोद) : 6397433244, 9105542083
K-6, पल्लवपुरम, फेस-2, पल्हैड़ा चौराहा, पंजाब नेशनल बैंक के पास, जी.टी. रोड, मेरठ।
24 घंटे इमरजेन्सी

# Payal
Furnitures

सभी शहरवासियों को
धनतेरस, दीपावली व गंगास्नान
की हार्दिक शुभकामनाएं



नीरज मित्तल (उपाध्यक्ष)

संयुक्त व्यापार संघ मेरठ
(पूर्व महामंत्री)
भारतीय जनता युवा मोर्चा
मेरठ महानगर
मो0 9897666659





Sardhana Road, Near Police Station, Kanker Khera, Meerut
Contact : 0121-6541999, 9412205161, 9837116262, 84393111501

Denik Meerut Darpan 13 november 2020_Denik Meerut Darpan 13 november 2020.qxd 11/13/2020 4:43 PM Page 4





Denik Meerut Darpan 13 november 2020_Denik Meerut Darpan 13 november 2020.qxd 11/13/2020 4:43 PM Page 5



# एनवायरमेंट क्लब ने खुशियां बांटते चलों कार्यक्रम आयोजित किया



**मेरठ दर्पण, मेरठ।** एनवायरमेंट क्लब की ओर से केले वाली कोठी, आबूलेन के पास बने गरीब बस्ती में खुशियां बांटते चलो कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें क्लब की ओर से गरीब व जरूरतमंद छोटे बच्चों के साथ दिवाली की खुशियां बांटी गई। इस मौके पर छोटे बच्चों की पार्टी आयोजित की गई, जिसमें उन्हें समोसे फ्रूटी, चॉकलेट, नमकीन, बिस्किट, चिप्स, लड्डू आदि दिए गए और क्लब की ओर से यह संदेश दिया गया कि हमें ऐसे लोगों के साथ में दिवाली का कार्यक्रम करना चाहिए जो खुद सक्षम ना हो। क्लब की टीम ने छोटे बच्चों को कोरोनावायरस के बचाव के तरीके भी बताए, उन्हें बताया कि किसी भी अनजान जगह पर कम जाएं और कोशिश करें कि अपने हाथों को धोते रहें। क्लब के संस्थापक - सावन कनौजिया ने बताया की क्लब हर वर्ष दिवाली पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर खुशियां बांटते चलो कार्यक्रम के तहत हम बच्चों के साथ खुशियां बांटते हैं और समाज को भी यही संदेश देते हैं कि समाज के ऐसे लोगों के प्रति जागरूक होकर उनके साथ खुशियां मनानी चाहिए। और बताया कि दिवाली के कार्यक्रम के साथ-साथ यह क्लब का 200 व सामाजिक कार्यक्रम भी रहा। क्लब की टीम ने दिवाली पर वोकल फॉर लोकल का संदेश भी दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि हमें दिवाली पर अपने आसपास के छोटे दुकानदार भाइयों से ही सामान खरीदना चाहिए इससे ही हमारा भारत आत्मनिर्भर बनेगा।

इस अवसर पर क्लब संस्थापक- सावन कनौजिया, सह-संस्थापक - प्रतीक शर्मा, आशी जैन, मानव दीक्षित, दिव्यांशु सिंह, नावेद सैफी, संभव भारद्वाज, गोविंद शर्मा, विशाल कनौजिया, मयंक, पलक नामदेव, सार्थक पाराशर, दिव्यांशी, शुभम अग्रवाल, देव बिष्ट, नीरज कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर ली शपत

**मेरठ।** शुक्रवार को मेरठ जिले के बच्चा पार्क में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर राष्ट्रीय ध्वज को प्रणाम किया । तत्पश्चात तिरंगे के सामने जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने और राष्ट्रीय रक्षा की शपथ ली उपस्थित लोगों ने जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग के लिए समर्थन में अपने हस्ताक्षर करके संगठन के जिलाध्यक्ष के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को नाम भेजे। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने छोटी दिवाली के अवसर पर दोपहर 12ः00 बजे एक साथ देश भर के 3000 स्थानों पर शपथ दिवस का प्रतिज्ञा दिवस का आयोजन किया। जिसमें तीन लाख कार्यकर्ता जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग हेतु प्रतिज्ञा लेकर अपने हस्ताक्षर प्रधानमंत्री भारत सरकार के पास भेजे। आपको बता दें जनसंख्या समाधान फाउंडेशन पिछले 7




वर्षों से जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को लेकर देशभर में लगातार अभियान चला रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान को 125 सांसदों और अनेक केंद्रीय मंत्रियों का समर्थन प्राप्त है संगठन का प्रतिनिधिमंडल भारत के राष्ट्रपति जी को मिलकर उन्हें जनसंख्या नियंत्रण कानून विशेषज्ञ अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा चुके हैं। शपथ लेने के दौरान हरीश पराशर ,अशोक ,आशीष सिंह, सोमपाल ,रविंद्र गोयल ,दीपक शर्मा, चैन सिंह बालियान जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

# मेरठ खंड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन के लिए आयोग ने किये प्रेक्षक तैनात

**मेरठ** -जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि मेरठ खंड स्नातक व शिक्षक निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षको की तैनाती कर दी गयी है। मेरठ खंड स्नातक के लिए प्रबंध निदेषक विद्युत उत्पादन निगम, उ0प्र0 डा0 सेंथिल पाडियन सी (आईएएस) व मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण श्री नरेन्द्र भूषण (आईएएस) की तैनाती की गयी है। उन्होने बताया कि कोई मतदाता व प्रत्याषी प्रेक्षको से संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकता है।

जिलाधिकारी के0 बालाजी ने बताया कि डा0 सेंथिल पाडियन सी का मोबाइल नं0-7249999788 व नरेन्द्र भूषण का मोबाइल नं0-7500003933 है। उन्होने बताया कि डा0 सेथिल पाडियन सी के लायजन अधिकारी अधिषासी अभियंता, विद्युत विभाग अभिषेक सिंह है, जिनका मोबाइल नं0-9412756099 है। उन्होने बताया कि नरेन्द्र भूषण के लायजन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर मेरठ विकास प्राधिकरण मनोज कुमार को बनाया गया है जिनका मोबाइल नं0-8447392540 है।

# हनुमान मंदिर मैं सुंदरकांड और हनुमान चालीसा और बजरंग बान का पाठ किया



**मेरठ दर्पण, दौराला।** श्री हनुमान मंदिर मैं सुंदरकांड और हनुमान चालीसा और बजरंग बान का पाठ किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदुमन जैन, वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम उपाध्याय, वरिष्ठ भाजपा नेता मनिंदर विहान भराला, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी राधे श्याम, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश आदि रहे उपस्थित रहे।

# मेरठ में दीपावली पर बांटे तुलसी के गमले

**मेरठ।** जय हरि कृष्ण सोसायटी ने दीपावली के अवसर पर जे एच ब्लॉक के निवासियों को तुलसी लगे गमले का वितरण किया। पानी वाले टंकी पार्क में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक नगर आयुक्त इंद्र विजय ने पौध रोपण कर किया।

कार्यक्रम के दौरान तुलसी लगे 51 गमलों का वितरण किया गया। सहायक नगर आयुक्त इंद्र विजय ने कहा कि जब भी शास्त्रीनगर आता हूँ। मुझे सुकून महसूस करता हूँ। यहां के लोग प्रकृति से जुड़े हैं। तुलसी तो आंगन की शोभा बढ़ाती है। यह औषधीय पौधा अनेक बीमारियों की दवा है। सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि शास्त्रीनगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बेहतर की जाएगी। वार्ड को ग्रीन वार्ड बनाया जाएगा। इस दौरान संस्था के सचिव नितिन सचदेवा, नरेंद्र राष्ट्रवादी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विनीत शारदा अग्रवाल ने रामानुज वैश्य अनाथालय में जाकर बच्चों के साथ दीपावली मनाई



**मेरठ दर्पण, मेरठ।** भाजपा नेता विनीत शारदा अग्रवाल ने रामानुज वैश्य अनाथालय में जाकर अनाथ बच्चों के साथ दीपावली मनाई और बच्चों को फल, मिठाई, दीपक, खिलोने आदि वस्तुओं को भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नाबालिक बच्चों कर रहे हैं बोनफिक्स सूंघने का नशा



**मेरठ दर्पण मेरठ (सोनू)।** शहर में इन दिनों किशोरों में एक अलग तरह के नशे की लत बढ़ती जा रही है यह नशा शराब, गांजा व हेरोइन से भी अधिक खतरनाक है बच्चे हर जगह आसानी से मिलने वाले बोनफिक्स को प्लास्टिक के माध्यम से सूंध रहे हैं. इस नशे की चपेट में 10 से 15 वर्ष के बच्चे अधिक हैं।

ये बच्चे बोनफिक्स का एक पॉकेट खरीद कर कहीं अकेले में बैठ कर प्लास्टिक के पन्नी पर उसे पहले निचोड़ देते हैं. उसके बाद हथेली में बंद कर जोर लगा सूघंते हैं. सूंघने के पांच मिनट बाद उन पर नशा हावी होने लगता है. इसका नशा चार से पांच घंटे तक रहता है. नशा टूटने पर वे वहीं प्रक्रिया दोहराते है. इस तरह दिन में दो बार और कभी कभी शाम में भी इस का एक डोज लेते हैं. यह नशा शरीर को सुन्न कर देता है. नशा करने के बाद किशोर कही भी घंटों शांत बैठे रहते हैं. चार-पांच बच्चे अगर एक जगह बैठे भी हैं, तो आपस में बात तक नहीं करते हैं. खुद में सिमटे रहते हैं. इसी नशे का आदि एक बच्चे से जब हमारे संवाददाता सोनू ने पूछा की यह नाश करने से कैसा लगता है तो बच्चे ने बताया की सुंघने के बाद शरीर हलका हो जाता है. रंग बिरंगी तसवीर नजर आती है. बोलने का मन नहीं करता है. मन करता है कि कहीं अकेले बैठे रहें. हेरोइन व गांजे की नशे की तरह इस का नशा होता है. यह नशा सेवन करने वाले को शिथिल कर देता है. सोचने समझने की शक्ति खत्म हो जाती है. किसी से बात करने का मन नहीं करेगा.। कई जगह जुटते हैं इसके आदि मेरठ शहर रोड ओपन और आसपास की झुग्गियां झोपड़ियों में रहने वाले बच्चे लगातार आपको इसी लत के शिकार मिलेंगे।

**हर्ट व फेफड़े पर पड़ता है असर**

इस नशे के सेवन से हर्ट व फेफड़े पर जबरदस्त असर पड़ता है. लगातार सेवन करने से जान भी जा सकती है बताया जाता है कि बोनफिक्स या सनफिक्स में रसायनिक तत्व होता है. बच्चे नशे के लिए जोर से सुघंते है. इससे रसायनिक तत्व सीधे फेफड़े में जाती है. लगातार सेवन से वही रसायनिक तत्व पानी में तब्दील हो जाता है. फेफड़े में सूजन आ जाती है व हर्ट पर इसका सीधा दुष्प्रभाव होता है. समय पर इस का इलाज नहीं हुआ तो मौत भी हो सकती है.।

6 दैनिक:- मेरठ दर्पण मेरठ, शुक्रवार 13 नवंबर, 2020

# अन्तर्जनपदीय पशु चोर गिरोह के 3 सदस्य आधा दर्जन पशुओं सहित किए गिरफ्तार

**बुलन्दशहर।** थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा अन्तर्जनपदीय पशु चोर गिरोह के 3 सदस्य कादिर पुत्र जाकिर निवासी ग्राम चिड़ावाक थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर, ग्यासुद्दीन पुत्र कायब निवासी ग्राम चिड़ावक थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर व सुल्लन पुत्र गुलशेर निवासी छपैरा नगला थाना अनूपशहर जनपद बुलंदशहर को अवैध असलहा मय कारतूस सहित गिरफ्तार किया है तथा उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई 5 भैंस, 1 बछड़ा, 1 सैन्ट्रो कार व 1 बुलेरो पिकअप गाड़ी बरामद की है। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक अनूपशहर सुभाष सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक सैंट्रो कार में कुछ पशु चोर आ रहे है तथा सैन्ट्रो कार के पीछे एक बुलेरो पिकअप गाड़ी जिसमें चोरी की 2 भैंसो को लेकर कुछ अभियुक्तगण आ रहे है जो शाहजहांपुर से अनूपशहर की तरफ आ रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया तथा पकड़े गए अभियुक्त



ने अपना नाम कादिर पुत्र जाकिर बताया। अभियुक्त कादिर ने पूछताछ पर बताया कि पीछे कुछ दूरी पर एक बोलेरो पिकअप गाड़ी आ रही है जिसमें चोरी की दो भैंसो को लेकर उसके अन्य कुछ साथी आ रहे है। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर बोलेरो पिकअप में सवार 2 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा बुलेरो गाड़ी को चैक किया गया तो गाड़ी से चोरी की दो भैंस बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त कादिर ने बताया की ग्राम छपैरा नगला उसकी ससुराल है इसलिए उसको क्षेत्र की अच्छी जानकारी है। अभियुक्तगण उक्त सेन्ट्रो कार से क्षेत्र में पशुओं की रैकी करते है और रात्रि में सेन्ट्रो कार व बुलेरो पिकअप को लेकर निकलते है और कोई पशु बाहर बंधा होता है तो उसे चोरी कर बुलेरो पिकअप में लादकर अपने ससुराल छपैरा नगला सुल्लन के घर पर बांध देते है। अभियुक्तों ने बताया कि इस समय चोरी की अन्य तीन भैंसो को चोरी कर सुल्लन के घर बंधी है। अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की 3 अन्य भैंसो को भी ग्राम छपैरा नगला सुल्लन के घर से बरामद कर लिया गया है।

बता दें कि अभियुक्तों द्वारा करीब एक माह पूर्व थाना अनूपशहर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जिनाई से 1 भैंस तथा डेढ़ माह पूर्व ग्राम लोधई से 2 भैंस चोरी करने की स्वीकारोक्ति की गयी है जिनके संबंध में थाना अनूपशहर पर धारा 380 भादवि पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों द्वारा कुछ दिन पूर्व 1 भैंस थाना अहमदगढ़ क्षेत्र से चोरी की गयी है जिसके संबंध में थाना अहमदगढ़ पर धारा 380 भादवि पंजीकृत है तथा 1 भैंस थाना औरंगाबाद क्षेत्र से चोरी करना बताया है जिसके संबंध में थाना औरंगाबाद से जानकारी की जा रही है।

अवगत करा दें कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अन्तर्जनपदीय पशु चोर है जिनके द्वारा अपने गिरोह के फ रार सहभियुक्त जब्बार उर्फ चूहा पुत्र गफ्फ ार, चंगेज पुत्र बनिया निवासीगण ग्राम चिड़ावक थाना गुलावठी, भौला उर्फ भूरा पुत्र वकील, साजिद उर्फ चुमडा पुत्र इकरामुदीन निवासीगण भमरा थाना गुलावठी, इसरार पुत्र खैराती निवासी चहला थाना अहमदगढ बुलन्दशहर, नफ ीस पुत्र सुल्लन निवासी छपैरा नगला थाना अनूपशहर जनपद बुलंदशहर, फ रमु उर्फ फ रमुदीन पुत्र अल्लानूर निवासी ग्राम चन्दपुरा थाना गुलावठी बुलन्दशहर के साथ मिलकर बुलन्दशहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पशु चोरी की दर्जनों घटनाओं को करने की स्वीकारोक्ति की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध पशु चोरी आदि जघन्य अपराधों के आधा-आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अनूपशहर पर धारा 411/414 भादवि व धारा 3/25 शस्त्र अधि. एवं धारा 4/25 शस्त्र अधि पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

## गर्भवती महिलाएं सेहत का रखें विशेष ख्याल

**बुलन्दशहर।** जिले में कोरोना संक्रमण को आए हुए छह माह से अधिक का समय बीत चुका है। धीरे-धीरे लोगों ने कोरोना के साथ जीने की आदत डाल ली है अभी संक्रमण से बचने की कोई वैक्सीन नहीं आई है। इसलिए सावधानी बरतने की जरुरत है। बुजुर्ग और बीमार लोगों के साथ ही सबसे अधिक सावधानी गर्भवती महिलाओं को भी बरतनी है। खुर्जा के शिवम हास्पिटल की डा. सीमा गोयल का कहना है कि अब तक के शोध और सर्वे के मुताबिक अन्य देशों की तुलना में कोरोना ने भारत में बहुत ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचाया है। अब तक जितनी भी मौतें हुई हैं उनमें अधिकांश लोग पहले से किसी ना किसी बीमारी से ग्रस्त थे। जब तक कोरोना की रोकथाम के लिए कोई वैक्सीन नहीं आ जाती। तब तक बहुत सावधानी बरतने की जरुरत है। शारीरिक दूरी और मास्क पहनना आदत बना लीजिए। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर पूरा जोर दिया जाए। खाने में पनीर, दाल, दूध, दही, फ ल, जूस और हरी सब्जियां शामिल की जाएं। नियमित व्यायाम और मार्निंग वाक किया



जाए। डा. सीमा गोयल ने बताया कि संक्रमणकाल में गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा खतरा है। इसलिए गर्भवती महिलाएं बहुत जरुरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। व्यायाम और मार्निंग वाक घर पर ही करें। चार्ट बनाकर हेल्दी डाइट लें। उनके परिवार के सदस्य यदि बाहर सर्विस करते हैं तो जब वो घर में आएं तो उनको भी सावधानी बरतने की जरुरत है। परिवार के सदस्य बाहर से संक्रमण लाएंगे तो घर की महिलाओं को भी संक्रमण लग सकता है। शरीर में दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं। गुनगुने पानी का सेवन करें। रूटीन चेकअप कराती रहें।

## पोटाश और गंदक को कूटते समय हुआ धमाका, तीन बच्चे घायल

**मेरठ, एजेंसी।** इंचौली थाना क्षेत्र के गांव खरदौनी स्थित एक मकान में पोटाश और गंदक को मिलाकर इमामदस्ते में कूटते समय तेज धमाका हो गया। पोटाश और गंदक को कूटने वाले किशोर का एक हाथ कटकर गिर गया, जबकि पास बैठे उसके दो छोटे भाई भी घायल हो गए। घायल तीनों भाईयों को गढ़ रोड स्थित न्यूटीमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की।

पुलिस के मुताबिक, खरदौनी गांव निवासी सतीश कुमार के तीन बेटे करीब 17 वर्षीय शिवम और दो छोटे बेटे मोनू व अनंत हैं। दीपावली के मौके पर आतिशबाजी बिक्री न होने के चलते शिवम गुरुवार को पोटाश और गंधक खरीदकर लाया था। शिवम ने अपने घर के आंगन में पोटाश और गंदक को इमामदस्ते में रखकर कूट रहा था। जैसे ही शिवम ने इमामदस्ते में मूसल को मारा, तभी तेज धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि



करीब पांच किलो लोहे का इमामदस्ते के कई टुकड़े हो गए। घर में धुंआ हो गया। शिवम का बाएं हाथ कटकर गिर गया, जबकि बाएं साइड की आंख में भी गंभीर चोट आई। पास में बैठे छोटे भाई मोनू और अनंत भी गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार के बीच कमरे से शिवम की बहनें और मां दौड़कर बाहर आई। चारों ओर खून और मांस के टुकड़े पड़े थे। तीनों बच्चे बेहोश पड़े थे। पड़ोसियों की भीड़ जमा हो गई। पड़ोसियों की मदद से तीनों घायल बच्चों को न्यूटीमा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इंचौली थानाध्यक्ष उपेंद्र मलिक का कहना है कि बच्चे पोटाश-गंधक को कूट रहे थे, तभी धमाका हो गया। घायलों का उपचार चल रहा है।

## शामली में बावरियों पर पुलिस की पैनी नजर, चलाया चेकिंग अभियान

**शामली, एजेंसी।** त्योहारों पर बाजारों में खरीदारी करने के लिए आने के दौरान महिलाओं से छीन झपट की घटनाएं होना बात है। इन घटनाओं को जनपद शामली क्षेत्र में अधिकांश तौर पर बावरिया गिरोह अंजाम देता है। इसी के चलते पुलिस ने दीपावली पर्व पर बाजार में घूमने वाले संदिग्ध युवकों के साथ ही बावरिया युवकों पर पैनी निगाह लगाई है। त्योहारों पर बाजारों में खरीदारी करने के लिए आए लोगों की भारी भीड़ है। ज्यादातर भीड़ महिलाओं की है जो कपड़े, घरेलू सामान व ज्वेलरी खरीदने के लिए बाजार पहुंची है। सराफा व्यापारियों के यहां सुबह से भीड़ लगी है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर अपने कर्मचारियों को निगाह रखने के लिए लगाया हुआ है। पुलिस भी सराफा बाजार में अलर्ट है। बाजार में खरीदरी करने आई महिलाओं के साथ कोई घटना न हो ,इसके लिए पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया है। विशेष तौर



पर छीन झपट करने में माहिर समझे जाने वाले बावरिया गिरोह पर निगाह रखी जा रही है। बाइकों पर घूमने वाले युवकों पर भी पुलिस की तीखी नजर है। सीओ सिटी प्रदीप सिंह महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की टीम के साथ बाजारों में पैदल गश्त कर रहे है। सीओ ने कहा कि बावरियों गिरोह ऐसे माहौल में छीन झपट की घटना कर देता है, इसलिए बावरिया युवकों पर निगाह रखने के लिए विशेष रूप से आदेश दिए गए है। चेकिंग की जा रही है।

## पुलिस लापरवाही पर न्यायाधीश ने एसएसपी को लिखा पत्र

**बुलन्दशहर।** महिला संबंधी अपराधों में त्वरित न्याय दिलाने के लिए सरकार का आदेश है कि पुलिस की तरफ से लापरवाही नहीं होनी चाहिए लेकिन बुलंदशहर के बहुचर्चित सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में घोर लापरवाही बरती जा रही है। इससे नाराज पोक्सो एक्ट अदालत के न्यायाधीश ने एसएसपी को पत्र लिखकर पैरोकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। फि लहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12वीं की छात्रा का दो जनवरी 2018 में अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद हत्या कर दी थी। छात्रा की लाश दादरी क्षेत्र में मिली थी। पुलिस ने सिकंदराबाद निवासी इजराइल, जुल्फि कार, दिलशाद को गिरफ्तार किया था। आरोपितों ने कबूल किया था कि उन्होंने नशे में छात्रा के साथ वारदात की। यह मामला विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट राजेश पाराशर की कोर्ट में चल रहा है। अधिकतर गवाहों के बयान हो चुके हैं लेकिन मुख्य साक्षी एसआइ दलवीर सिंह के बयान अभी नहीं हुए हैं। एसआइ दलवीर सिंह के बयान केवल इसलिए नहीं हो सके हैं क्योंकि अभी तक पुलिस ने थाने के मालखाने में जो वारदात से संबंधित साक्ष्य हैं, वह अदालत में पेश नहीं किए गए हैं। न्यायाधीश ने पैरोकार सज्जान सिंह जादौन के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जाएगी कि आखिर अदालत में साक्ष्य अभी तक क्यों नहीं पेश किए गए। यदि पुलिस की लापरवाही रही है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फि लहाल पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।